राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच द्वारा बिहार के बाढ़–प्रभावित जिलों के लिए भेजी जा रही राहत–सामग्रियों से लदी 15 ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना 10 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान–सह–प्रेसिडेंट–इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ने आज बिहार के बाढ़–प्रभावित जिलों के लिए रेडक्रॉस द्वारा भेजी जा रही राहत–सामाग्रियों से लदी 15 ट्रकों को राजभवन के सामने स्थित राजेन्द्र चौक से पूर्वाह्न 11.00 बजे झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के चेयरमैन डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, वाइस चेरयमैन श्री उदयशंकर प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जायसवाल सहित राजभवन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच, पटना के सभी वरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

राहत–सामग्री के रूप में बाढ़ प्रभावित संबंधित 15 जिलों को तारपोलिन सीट, किचेन सेट, धोती, मच्छरदानी, टेन्ट, बाल्टी, सूती चादर, हाइजिन कीट, जेरीकेन, तौलिया, साड़ी, ब्लीचिंग पाउडर, पी॰पी॰ई॰ कीट, फेस शिल्ड, ग्लब्स, फेस मास्क आदि ट्रकों से भेजी गईं।

बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए राहत–सामग्रियों से भरी ट्रकों को रवाना करने के बाद अपने एक संदेश में राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि बिहार एक बाढ़–प्रवण राज्य है, जहाँ लगभग हर वर्ष बाढ़ से जान–माल की काफी क्षति होती है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है; किन्तु प्रत्येक वर्ष कुछ जिलों में बाढ़ एवं कुछ जिलों में सुखाड़ की प्राकृतिक आपदा के कारण राज्य में कृषि–फसल को काफी नुकसान होता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष भी आयी बाढ़ की भीषण विभीषिका के कारण जान–माल की काफी क्षति हुई है। राज्य सरकार की सजगता एवं तत्परता के कारण यद्यपि इस बार बाढ़ में जान–माल की क्षति को बहुत हद तक नियंत्रित कर लिया गया है, फिर भी बहुत परिवार इस साल भी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

आगे पृष्ठ....2 पर

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पहले चरण में राज्य के बाढ़ प्रभावित 15 जिलों के लिए 15 ट्रकों के जरिये बाढ़–राहत–सामग्री आज भेज रही है।

राज्यपाल ने बताया कि माननीय राष्ट्रपति जी ने भी बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत–सामग्रियों से लदी 2 (दो) ट्रकों को बिहार के लिए भेजा है। राज्यपाल ने इसके लिए माननीय राष्ट्रपति जी के प्रति आभार प्रकट किया।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने जन–कल्याण के लिए बेहतर काम किया है। कोविड के दौरान साबुन, सेनेटाइजर, मास्क, सूखा राशन आदि के वितरण के लिए 19.69 लाख रूपये राजभवन द्वारा भी इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार राज्य शाखा को दिये गये थे। इस राशि से भी जिलों में कोरोना–संक्रमण के दौरान लोगों को लाभान्वित किया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कोरोना महामारी से बचाव के उपायों के बारे में जन–जागरूकता विकसित करने तथा पी॰पी॰ई॰ कीट, फेस शील्ड, ग्लब्स, फेस मास्क आदि सार्वजनिक स्थलों पर वितरित करने में भी जिला रेडक्रॉस सोसाइटियों के माध्यम से सार्थक प्रयास किये गये हैं।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सबको सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन किया जाना तथा स्वास्थ्य विभाग के निदेश के अनुरूप मास्क आदि का प्रयोग सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी पूरा एहतियात बरतना और संयमित रहना ही कोरोना महामारी से हमारी रक्षा का सबसे कारगर उपाय है। राज्यपाल ने कहा कि बिहार राज्य में इस बीमारी के इलाज के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार ने समुचित व्यवस्था की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि बिहार में बाढ़ और कोरोना महामारी दोनों से आम जन–जीवन तबाह हुआ है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सहित अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं से पीड़ित–परिवारों को राहत पहुँचाने हेतु राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को पूरा सहयोग करने का अनुरोध किया है।

....